दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 102 मुरादाबाद 06 August 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी और मजबूत, लखनऊ से एयर एशिया की आठ वायु सेवा का शुभारंभ




उत्तर प्रदेश में हर वर्ष नए एक्सप्रेस वे के निर्माण के साथ ही एयर कनेक्टिविटी को भी मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ से एयर इंडिया की आठ सेवाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ केन्द्र सरकार के नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से एयर एशिया इंडिया की आठ वायु सेवाओं का शुभारंभ किया। इनमें से तीन फ्लाइट लखनऊ को दिल्ली और दो बेंगलुरु से जोड़ेंगी। इनके साथ ही कोलकाता, मुंबई और गोवा के लिए भी लखनऊ से एक-एक फ्लाइट शुरू की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि नागर विमानन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने पिछले पांच वर्ष में बेहतरीन सफलता प्राप्त की है। एयर कनेक्टिविटी आज की आवश्यकता है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सिर्फ लखनऊ और वाराणसी, दो एयरपोर्ट ही पूरी तरह क्रियाशील थे। इनके साथ ही गोरखपुर और आगरा एयरपोर्ट आंशिक रूप से क्रियाशील थे। आज उत्तर प्रदेश में नौ हवाई अड्डे पूरी तरह क्रियाशील है। इसने उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लखनऊ से सिर्फ 15 वायुसेवाएं संचालित थीं, आज उनकी संख्या 30 से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी प्रदेश में आजमगढ़ म्योरपुर (सोनभद्र), चित्रकूट, अलीगढ़ और श्रावस्ती में भी हवाई अड्डा क्रियाशील किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला देश का पहला प्रदेश होगा। हम जितनी बेहतर एयर कनेक्टिविटी देंगे, विकास की गति को भी उतनी तीव्र कर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एयर कनेक्टिविटी के अलावा राज्य सरकार रोड कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे और रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दे रही है। इस मौके पर नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आज एयर एशिया ने लखनऊ से वायुसेवाओं की बौछार करते हुए प्रदेश की राजधानी को पूरे देश से जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि उड़ान योजना के तहत हमने उत्तर प्रदेश को 63 नए रूट दिलवाए हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या बढ़ाकर 108 की जाएगी। उड़ान योजना के तहत हमने उत्तर प्रदेश में 18 हवाई अड्डे चिन्हित किए हैं। जिन सभी के अवस्थापना विकास पर 1121 करोड़ रुपये खर्च होंगे। राष्ट्रीय स्तर पर 67 नए हवाई अड्डे, एयरोड्रोम और हेलीपोर्ट चिन्हित किए गए हैं। आज 425 नए एयर रूट संचालित हैं जिनकी पहले कल्पना नहीं की जा सकती थी आने वाले दिनों में हम उत्तर प्रदेश में चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ श्रावस्ती और म्योरपुर में हवाई अड्डों का निर्माण करेंगे। 70 वर्षों में देश में सिर्फ 74 हवाई अड्डे संचालित थे। पिछले 8 वर्षों में 67 नए हवाई अड्डे संचालित किए गए हैं। आज देश में 141 हवाई अड्डे संचालित हैं जिसकी संख्या को 2025-26 तक बढ़ाकर 220 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

## अखिलेश यादव बोले- तिरंगा यात्रा के बहाने दंगा करा सकती है बीजेपी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिया जवाब




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक तरफ बीजेपी के हर घर तिरंगा अभियान को समर्थन देकर चौंकाया है तो दूसरी तरफ शुक्रवार को बड़ा आरोप लगाया। अखिलेश ने कहा कि भाजपा का तिरंगा यात्रा दिखावा है। सभी को सावधान रहने की जरूरत है। इसके जरिये भाजपा दंगा भी करा सकती है। पहले कासगंज में तिरंगा यात्रा के समय दंगा कराया था। अखिलेश के बयान के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जवाब दिया है।ब्रजेश पाठक ने कहा कि दंगा कराने वाले कभी तिरंगे का सम्मान नहीं कर सकते। बांटने का काम तो अखिलेश यादव ने किया है। जो कुनबा कभी सपा की ताकत था, आज वही सबसे बड़ी कमजोरी बन गया है। उनकी इसी मानसिकता की वजह से आज सपा डूबती नैया बन गई है। अखिलेश यादव ने गुरुवार को जनेश्वर मिश्र पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा जहां से निकली है, वह लोग तिरंगा नहीं लगाते हैं। कहा कि पूरा देश जनता है कि आरएसएस ने वर्षो तक तिरंगे का सम्मान नहीं किया। अपने कार्यालयों और मुख्यालय पर तिरंगा नही लगाया। लखनऊ में सबसे बड़ा तिरंगा झंडा समाजवादियों ने जनेश्वर मिश्र पार्क में लगाया और राष्ट्रध्वज का सम्मान किया। इसके अलावा भी कई स्थानों पर समाजवादी सरकार के समय तिरंगा ध्वज लहराया गया। भाजपा जब-जब सरकार में आती है महंगाई बढ़ा देती है। देश में इतनी महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार कभी नहीं था। भाजपा का महंगाई से कोई लेना देना नही है। आज हर चीज के दाम बढ़ा दिए हैं। दूध, दही, घी से लेकर खाने-पीने की चीजों पर पर कभी टैक्स नहीं लगा था, भाजपा ने उस पर भी जीएसटी लगाकर मंहगा कर दिया। अखिलेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 हजार करोड़ रुपए की लागत के जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया था, वह ढह गया। सरकार इन गड़बड़ियों की ईडी, सीबीआई से जांच कब कराएगी। ज्यादा कस्टोडियल डेथ यूपी में है। सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ अपराध यूपी में है। मानवाधिकार आयोग ने सबसे ज्यादा नोटिस यूपी सरकार को दी हैं। सबसे ज्यादा डिजीटल फ्राड उत्तर प्रदेश में हो रहा है। यूपी में कैसे निवेश आएगा।

### दंगा कराने वाले कभी नहीं कर सकते तिरंगे का सम्मान:ब्रजेश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के आरोपों पर कहा कि दंगा कराने वाले कभी तिरंगे का सम्मान नहीं कर सकते। बांटने का काम तो अखिलेश यादव ने किया है, जो कुनबा कभी सपा की ताकत था, आज वही सबसे बड़ी कमजोरी बन गया है। उनकी इसी मानसिकता की वजह से आज सपा डूबती नैया बन गई है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने सैफई को ही पूरा प्रदेश समझ लिया था, तभी तो प्रदेश के विकास के बजाय वह सिर्फ सैफई तक ही सीमित थे। मेरी उन्हें सलाह है कि रात में सपने देखने के बजाय दिन में देखना शुरू करें।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम आदेश, SC-ST एक्ट में आरोपी पर दोष सिद्ध होने के बाद ही पीड़ित को दिया जाए मुआवजा



इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया है कि जबतक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) कानून के तहत आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो जाते तबतक उसे मुआवजा ना दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आरोप पत्र या प्राथमिकी दर्ज होने पर मुआवजे की राशि जारी ना की जाए। इसरार अहमद उर्फ इसरार व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस दिनेश सिंह ने ये टिप्पणी की। जस्टिस दिनेश सिंह द्वारा 26 जुलाई को ये आदेश पारित किया गया था जो गुरुवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इसमें कहा गया है कि हाई कोर्ट के संज्ञान में आया है कि हर दिन बड़ी संख्या में ऐसे मामले आ रहे हैं जहां मुआवजा मिलने के बाद शिकायतकर्ता मुकदमा खत्म करने के लिए आरोपी से कोर्ट के बाहर समझौता कर लेता है। जस्टिस दिनेश सिंह ने कहा कि करदाताओं के पैसे का इस प्रक्रिया में दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आदेश में ये भी लिखा कि ऐसे मामलों में राज्य सरकार कथित पीड़ितों से मुआवजे की रकम वापस लेने के लिए भी स्वतंत्र है जहां शिकायतकर्ता ने आरोपी के साथ मुकदमा वापस लेने के लिए समझौता कर लिया हो।दरअसल याचिका में रायबरेली की विशेष अदालत में दाखिल चार्जशीट और मुकदमे को खारिज करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि इस मामले में उनका वादी के साथ सुलह हो गया है। वादी ने भी सुलह समझौते की बात कही थी। इसपर कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को राज्य सरकार की तरफ से मुआवजे के तौर पर 75 हजार रुपये मिल चुके हैं और बाद में समझौता किया जा रहा है। इस तरह से मुआवजा बांटकर टैक्स पेयर्स के पैसों का दुरुपयोग हो रहा है।

## दुर्गा चौक के चारों तरफ की रोड पर दुकानदारों द्वारा बोर्ड लगाकर रोड पर अवैधानिक कब्जा होने पर की गई कार्यवाही

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगावकर के मार्गदर्शन में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कन्हैया लाल निर्मलकर, आर.टी.ओ. विवेक सिन्हा, तहसीलदार पेंड्रा शेष नारायण जयसवाल, एवं यातायात पुलिस तथा पेंड्रा पुलिस एवं सभी विभागों के स्टाफ द्वारा थाना पेंड्रा के दुर्गा चौक से गौरेला बिलासपुर कोरबा तथा पंडा बस्ती की ओर जाने वाली रोड में किनारे किनारे दुकानदारों द्वारा अनावश्यक रूप से अतिक्रमण कर बोर्ड लगाया गया था, जिन बोर्डों को जब्ती बनाया गया है तथा सभी दुकानदारों को जिन्होंने शेड बाहर निकाल रखे हैं , सभी को समझाइश दिया गया है कि अपने शेड हटा लें अन्यथा 2 दिन बाद पुन: वैधानिक कार्यवाही की जाएगी , पूर्व में भी कई बार दुकानदारों को समझाइश दी गई थी लेकिन दुकानदारों द्वारा समझाइश पर आज दिनांक तक अमल नहीं किया गया था, अत: आज जब्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही साथ पेंड्रा दुर्गा चौक यातायात पुलिस द्वारा नो पार्किंग के कार्यवाही के दौरान की वैन क्रमांक छ्त्र10 त्र 1611 बच्चे भरकर स्कूल ले जाया जा रहा था, जिसे रोककर विधिवत कार्यवाही कर ?5200 शमन शुल्क वसूल किया गया गैर मतलब की पूर्व में भी कई बार स्कूल बस के संचालकों द्वारा क्षमता से अधिक बच्चे भरकर स्कूल ले जा रहे हैं जिन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है संपूर्ण कार्यवाही मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी कन्हैया लाल निर्मलकर, आर.टी.ओ. विवेक सिन्हा, तहसील पेंड्रा तहसीलदार शेष नारायण जयसवाल, एवं यातायात पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी तथा थाना पेंड्रा थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी एवं सभी विभागों के स्टाफ की विशेष भूमिका रही

## बच्चों के सामने मां ने फांसी लगाकर की आत्महत्या पति की हरकतों से थी परेशान बरला की महिला दो बच्चों को छोड़ गई बिलखते हुए

आरती गर्ग
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ बरला में पति की,हरकतों परेशान होकर पत्नी ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मरते हुए महिला की निगाह अपने पास खड़े दोनों बच्चों की ओर थी पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा कस्बा बरला विमलेश 25 की शादी करीब 6 साल पहले कस्बा सादाबाद निवासी अनिल कुमार के साथ हुई थी आरोप है की शादी के 2 साल बाद ससुरालियोंजनो,ने, दहेज के लिए उत्पीड़न शुरू कर दिया पिता कालीचरण ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार गांव में पंचायत भी हुई लेकिन वह लोग नहीं माने इस बीच दमाद नशे के लिए घर में जेवरात तक वेच दिए बेटी से मारपीट करने लगे 6 माह से बेटी मायके में रह रही थी पिछले कई दिनों से वह परेशान थी परिजनों के समझाने के बाद भी उस पर कोई असर नहीं दिख रहा था दोपहर उसने कमरा बंद कर गाटर,की कुंदि में दुपट्टे में फांसी लगाकर जान दे दी महिला कमरा बंद कर फांसी लगा रही थी तभी उसके चार पांच साल की बेटी लाडो और 2 साल का बेटा अभय फांसीलगते हुए मां को बेटी लाडो ने देखा तो बच्ची चीख, चीखकर चिल्लाने लगी वहां मां से लिपटे हुए कह रही कि फांसी मत लगाओ मेरा भाई का क्या होगा मगर फांसी पर लटक गई

## आगामी त्याहारों के दृष्टिगत केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-आगामी त्योहारों में श्रावण मास का आखिरी सोमवार, मोहर्रम, रक्षाबंधन एवं कजरी तीज को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाये जाने के सम्बन्ध में केन्द्रीय शान्ति समिति की बैठक जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की उपस्थिति में कलेक्टेªट सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी तीज त्योहार हो हिल-मिलकर मनाने पर उसका आनन्द बढ़ जाता है। इसलिए त्योहारों को हिल-मिलकर मनाना चाहिए तथा कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए, जिससे अमन-चैन में बाधा उत्पन्न होने की सम्भावना हो। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होने कहा कि यह जनपद गंगा-जमुनी तहजीब की एक मिशाल है। यहां पर सभी तीज-त्योहार लोगों ने हिल-मिलकर मनाया है, और निर्वाचन के दौरान भी सभी जनपद वासियों ने शान्ति का परिचय देकर व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है। उन्होने कहा कि अमन-चैन विकास की मुख्य कड़ी है। जिले में जो भी विकास कार्य किये जा रहे है। निश्चित ही उससे निश्चित ही जिले का विकास होगा। जिलाधिकारी क्रमशः भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, इकौना आर0पी0 चौधरी, जमुनहा सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी आशुतोष सहित समस्त थानाध्यक्षगण, दोनो समुदायों के धर्मगुरू व बुद्धिजीवीगण उपस्थित रहे।

## धनीपुर की महिला प्रेमी संग फरार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - अलीगढ़ थाना महुआखेड़ा के धनीपुर से महिला घर से जेवरात लेकर प्रेमी संग फरार हो गई उस समय पति रिश्तेदार के यहां गया हुआ था पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है धनीपुर निवासी युवक किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहता है वह जीटी रोड पर दुकान पर पंखा कूलर रिपेयरिंग का काम करता है थाना पुलिस ने बताया कि युवक किसी काम से रिश्तेदारी कि मैं गया था इस बीच पत्नी सब्जी लेने के बहाने बाजार गई थी देर शाम तक नहीं लौटी आसपास के शहरों में तलाशने पर महिला नहीं मिली तो घर से करीब 20 हजार की नगदी जेवरात ले गई है पुलिस महिला,के मोबाइल कॉल डिटेल के आधर पर तलाश कर रही है

## संयुक्त कलेक्टर ने चलाया जागरूकता अभियान



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- मतदाता सूची पुन्रीरक्षण कार्य जिले में 1 अगस्त से प्रारंभ हो चुका है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता के एपिक कार्ड ( मतदाता परिचय पत्र ) के साथ आधार कार्ड को जोड़ा जाना है। इस सम्बंध में जिले में संयुक्त कलेक्टर व उप निर्वाचन अधिकारी श्री आनंदरूप तिवारी द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत में श्री तिवारी जी ने स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पेण्ड्रा में उपस्थित होकर सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को एपिक कार्ड को आधार से जुड़ने के लिए जागरूक किया। उन्होने बताया कि [illegible] ( [illegible] ) की सहायता से हम अपने आधार को एपिक कार्ड ( [illegible] ) से जुड़ सकेंगे । जिसके लिए जन सामान्य को यह एप्पलीकेशन प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर अपना फॉर्म 6क्क में आधार नंबर भर जमा कर सकेंगे।

## नाबालिक को बहला फुसला कर भाग कर ले जाने वाले आरोपी को राजकोट, गुजरात से पकड़ा गया

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - थाना गौरेला में चल रहे प्रकरण अपराध क्र0 211/22 धारा 363 भादवि में सायबर टीम, सायबर सेल जिला गौ0पे0म0 के द्वारा लगातार फरार आरोपी की पतासाजि की जा रही थी, कि दिनांक 29/08/2022 तकनीकी विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि नाबालिक बालिका तथा उसको भगा कर ले जाने वाला आरोपी राजकोट, गुजरात में है, तत्काल श पुलिस अधीक्षक श्री आई0के0 एलेसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के मार्ग दर्शन मे टीम गठित कर राजकोट, गुजरात के लिए रवाना किया गया ।तथा दिनांक 03/04/2022 को नाबालिक बालिका तथा नाबालिक बालिका को बहला फुसला के भगा के ले जाने वाले आरोपी अमन राठौर पिता जयपाल राठौर उम्र 18 वर्ष निवाशी भदौरा को थाना लाया गया बाद नाबालिक बालिका से पूछताछ करने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 366, 376 भादवि 6 पास्को एक्ट जोड़ा गया एवं प्रकरण के एक अन्य आरोपी जिसने घटना में सहयोगी निखिल राठौर पिता अशोक राठौर उम्र 18 वर्ष निवाशी भदौरा थाना गौरेला आरोपीगण को विधिवत दिनांक 04/04/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# ईडी कार्रवाई के बीच मुरादाबाद में कल निकलेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा



मुरादाबाद। नेशनल हेरल्ड मामले में घिरी कांग्रेस मिशन 2024 को धार देने में जुटी है। महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। वेस्ट यूपी में लोकसभा क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने के लिए कांग्रेस हर जिले में 75 किमी की यात्रा करेंगे। मुरादाबाद में शुक्रवार व छह अगस्त को रामपुर लोकसभा क्षेत्र में यात्रा का समापन होगा। ईडी की कार्रवाई के बीच कांग्रेस नेतृत्व ने अगले चुनावों को लेकर सक्रियता बढ़ाने के लिए जनसंपर्क करने में जुटी है। दिल्ली में हेरल्ड के एक हिस्से को सील किए जाने के बीच कांग्रेसी नेता आंदोलन को धार देने निकले है। वेस्ट यूपी में कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राष्ट्रीय सचिव वेस्ट यूपी प्रभारी प्रदीप नरवाल इस यात्रा का नेतृत्व कर रहे है। 30 जुलाई से गौतम बुद्ध नगर व बुलंदशहर से शुरु हुई यात्रा गुरुवार को हापुड़ व अमरोहा से होकर शुक्रवार को मुरादाबाद में होगी। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व शहर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने बताया कि यात्रा कल यहां पहुंचेंगी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा लगभग 3,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और लगभग 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। रैली पदयात्रा होगी। इसमें कांग्रेस पार्टी का पूरा नेतृत्व और कैडर हिस्सा लेगा। देश के कोने-कोने से कई अन्य यात्राएं मुख्य पदयात्रा में शामिल होंगी। 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली भारत जोड़ी यात्रा का उद्देश्य दक्षिणी भारत में कन्याकुमारी को उत्तरी भारत में कश्मीर से जोड़ना है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 16 मई को राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस के नेतृत्व वाले चिंतन शिविर के अंतिम दिन भारत जोड़ो के नारे के साथ ध्रुवीकरण की राजनीति का मुकाबला करने के लिए इस जन अभियान की घोषणा की।

# एमडीए की जेसीबी से उजाड़ी किसान की फसल,विरोध पर रुका काम

एमडीए के जेई ने किसान की आठ बीघे जमीन पर लगी फसल को जेसीबी से खुदवा दिया। जिसका पता चलने पर किसान के परिजन पहुंच गए और उनकी जेई और ठेकेदार से कहासुनी भी हुई। किसान ने हाईकोर्ट में जमीन को लेकर केस चलने की बात कही,तो वहीं एमडीए जेई ने अभिलेख दिखाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोर्ट में केस विचाराधीन है तो जमीन यथावत रहेगी। लाकड़ी फाजल निवासी धर्मपाल सिंह की आठ बीघा जमीन पर एमडीए के जेई योगेश गुप्ता,ठेकेदार देवेंद्र स्टाफ के साथ जेसीबी के साथ बाउंड्री कराने पहुंचे,अभी जेसीबी से खुदाई शुरू हुई ही थी इसकी सूचना किसान के परिजनों को मिल गई जिस पर किसान के बेटे हुकूम सिंह चौहान लोगों के साथ पहुंच गए और जमीन सीलिंग में न होनी की बात कही। इतना ही नहीं उन्होंने जेई से हाईकोर्ट में इस जमीन का केस विचाराधीन होने की बात भी कही लेकिन जेई ने स्टाफ की मदद से नपाई शुरू करा दिया जिसको लेकर वहां दोनों तरह से कहासुनी भी हुई,इसके बाद एमडीए की टीम वापस लौट गई। जब एमडीए के जेई योगेश गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि पटवारी के द्वारा इस जमीन को सीलिंग के रूप में चिह्नित किया,इसी को लेकर एक दिन पहले टीम के संग जमीन की नपाई कर बाउंड्री कराने पहुंचे। किसान से पहले ही जमीन पर खेती न करने को कहा गया था लेकिन उन्होंने सुना नहीं। कहा कि अगर किसान की जमीन सीलिंग में नहीं है और केस कोर्ट में चल रहा है तो उनके प्रमाण विभाग में दिखा दें। कोर्ट में विचाराधीन होने पर स्वत: ही कार्रवाई रुक जाएगी।

# भोजपुर में आधा दर्जन हेण्डपम्प वर्षो से पड़े हैं खराब, सार्वजनिक स्थान पर हेण्डपम्प लगाने की मांग



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - भोजपुर ऑर्गनाइजेशन ऑफ शाहीन ए हिन्द के अध्यक्ष मोहसिन अंसारी ने जिला अधिकारी को पत्र लिखकर कहा की भोजपुर थाना से घासमंडी मेन बाजार तक रातदिन हजारों व्यक्तियों का आगमन रहता है इस पूरे रोड पर एक भी हेण्डपम्प नहीं है

जबकि भोजपुर का मुख्य बाजार इसी रोड पर स्थित है। इस 300 मीटर के रोड पर बाहरी ग्रामीण पानी पीने के लिए बेचैन रहते हैं लेकिन दूर दूर तक हेण्डपम्प नजर नहीं आता है। जबकि आधा दर्जनों हेण्डपम्प नगर पंचायत के खराब पड़े हुए हैं मोहसिन अंसारी ने जनहित में गुजारिश है कि भोजपुर मेन बाजार स्थित नगीना मस्जिद गेट पर हेण्डपम्प लगाया जाए ताकि हजारों राहगीरों को साफ पीने का पानी उपलब्ध हो सकें। इस मौके पर अध्यक्ष मोहसिन अंसारी, आसिफ कुरेशी, सोनू अरोरा, विजय सिंह, मुफ़्ती मौ0 राहत नईमी, रहमत अली, नासिर खान, नदीम अंसारी, महरोज आलम, मौ0 आलम आदि लोग उपस्थित रहे

# अमरोहा में राकेश टिकैत बोले, गांधी परिवार का एक सदस्य जाएगा जेल, 2024 में योगी आदित्यनाथ बनेंगे गृहमंत्री



अमरोहा- भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान अपने संगठन को मजबूत रखें। आंदोलन की जरूरत फिर पड़ेगी। इन आंदोलनों व देश को किसान ही बचाएगा। राजनीतिक पार्टियां खत्म होंगी। गांधी परिवार का एक सदस्य जेल में जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद सरकार के खिलाफ आंदोलन और आर-पार की लड़ाई शुरू होगी। राकेश टिकैत शुक्रवार को सूदनपुर बिजलीघर पर चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता बेहद जरूरी है। 2024 में फिर बेईमानी से इनकी सरकार बनेगी। गृहमंत्री योगी आदित?यनाथ को बनाया जाएगा और उनसे बुलडोजर चलवाया जाएगा। असली लड़ाई 2024 के बाद ही चालू होगी। राकेश टिकैत ने कहा कि जिस तरह किसानों ने आजादी की लड़ाई लड़ी। पूर्वजों को पेड़ पर फांसियां दे दी गईं, ऐसी लड़ाई भी हम सभी को मिलकर लड़नी होगी। अब सबके सामने दो ही रास्ते हैं।

या तो हाथ खड़े कर बीजेपी में शामिल हो जाओ या फिर आंदोलन के लिए तैयार हो जाओ। उन्होंने आंदोलनकारी किसानों को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया इससे पूर्व वह यूनियन के वरिष्ठ नेता उम्मेद सिंह के घर पहुंचे। यहां पर कुछ देर ठहरने के बाद उन्होंने सूदनपुर बिजलीघर पर चल रहे किसानों के धरने में शिरकत की और उनका हौसला बढ़ाया। सपा विधायक चौधरी समरपाल सिंह को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह के अलावा अन्य किसान नेता शामिल रहे।

# भगतपुर में चारा लेने गई युवती से रेप

मुरादाबाद-भगतपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार को जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। इसी दौरान एक गांव के रिंकू ने उसे दबोच लिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद गला दबाकर हत्या की कोशिश भी की। पीड़िता ने शोर मचाया तो उसे पीटा भी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का पति जब शाम को घर लौटा तो उसे पत्नी नहीं मिला। तलाश करने पर पत्नी जंगल में बेसुध मिली। होश आने पर पति को आपबीती सुनाई। पीड़ित ने आरोपी के घर जाकर शिकायत की। इस पर आरोपी रिंकू और उसके पिता कलुआ ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। भगतपुर थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया है। साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Obstacles to the investigation

The way the investigative agencies are being stopped from working in the country, there is less to be condemned. This is a big question even for the federal structure, why are the police or investigators of one state having trouble conducting investigations in another state? According to the latest complaint, the West Bengal CID has claimed that two of its teams in New Delhi and Guwahati have been stopped by the local police. Are investigators in West Bengal really being prevented from investigating in connection with the seizure of cash from three Jharkhand MLAs? It is indeed regrettable, claims a senior official of the investigating agency that its officers were taken into custody by the Delhi Police on Wednesday. These investigating officers were raiding the property of an accused, a close associate of three arrested MLAs, in the national capital.

If the police of West Bengal has not followed any procedure, then it is wrong, but if the procedure has been followed, then it is unfair to detain him from investigation. The rationale behind preventing any police team from investigating in any state should be very clear. Three Jharkhand MLAs were arrested on July 31 in Howrah, West Bengal with Rs 49 lakh in cash. If the West Bengal CID is seen to be related to Assam and Delhi, then it should get approval to investigate.

But when the West Bengal team landed in Guwahati, it was in trouble. The Bengal team that reached Delhi may have made a mistake. It is said that the officer in whose name the approval for the investigation was received was not present at the place of investigation. He was replaced by other investigators who were allegedly barred from the investigation. Meaning, if a team from one state goes to another state for investigation, then it should go with full preparation. We know very well how technical excuses are made or raised in any government work.

In such cases of investigation, the police of one state seems to be doing the same thing with the police of another state. Isn't the goal of such an investigation team to serve the law? Are such parties used to serve any political party? This practice of stopping the investigation must end soon, otherwise the laws will lose their importance and criminalization will suck the blood of the whole country. The framers of the Constitution had envisioned that the investigative agencies and the police would be allowed to function freely, but this does not seem to be the case every time. It is not that those who create obstacles in the work of investigation will not face any problem in future. Whatever the organization, it takes years to improve, but it does not take much time to deteriorate. Similarly, it takes years to build trust in an investigating agency, but even a small negligence on the part of an investigating agency can ruin its credibility.

The biggest concern is that if an investigation agency is stopped even for a few minutes, it is possible that the criminal may be out of his hands forever. It is important that the concern of the increasing troubles of the police and investigative agencies should be raised at a high level, so that no criminal escapes anywhere.

# Sushmita Sen's mischief did not stop, now she is lying on the yacht 'bold' pose

Sushmita Sen shared pictures from her recent vacation on Instagram. She can be seen posing boldly on a yacht. She is wearing make-up. The picture has been taken by someone else. Yes, it happens a lot. Apart from this, he has also tagged many people. He has written, 'I love you' Sushmita Sen's pictures have gone viral on social media. It has got more than one lakh likes from you. About eight and a half hundred comments have been made. Many people have written attitude respect on the pictures. While one has written, 'Your attitude depends on your gratitude. I love you so much beautiful picture.' One wrote, 'You are very much You are looking good.' One wrote, 'This lady stole my heart' One wrote, 'You are Persuading confidence.' One wrote, 'This attitude is very beautiful.' Sushmita Sen has sixty five million followers on Instagram - Sushmita Sen has sixty five million followers on Instagram. She often interacts with her fans too. Also shares family-related pictures. Sushmita Sen is dating Lalit Modi these days- recently it was reported that Sushmita Sen is dating Lalit Modi these days. Lalit Modi shared his pictures with Sushmita Sen on social media. By sharing this information was given. After this both were trolled fiercely, although it has no effect on Sushmita Sen.



## Aamir Khan told- Why are Bollywood movies flopping? Lal Singh said for Chaddha - 'I am under stress'

Bollywood actor Aamir Khan recently appeared on Karan Johar's show Koffee with Karan 7. Actress Kareena Kapoor Khan was also present along with Aamir in the show. In conversation with Karan Johar on the show, Aamir-Kareena gave funny and candid answers to many questions. In such a situation, Aamir explained the reason for the flop of Bollywood films in the past and also said that he is under stress about Laal Singh Chaddha. Why Bollywood films are flopping. "In the last few years, many films have proved to be flop this year. Films like 'Jersey', 'Samrat Prithviraj', 'Dhaakad', 'Attack', 'Jayeshbhai Jordaar' and 'Shamshera' have flopped badly at the box office, on the other hand South's films are earning hugely. On this, Aamir said, 'Our filmmakers are taking such a story, which the people of India are not interested in seeing. People are not able to connect themselves with these stories. On the other hand, the audience is able to connect with the films of South itself, due to which their films are giving a very strong performance. reacted. Karan asked Aamir that are you tensed about this? To which Aamir said, 'Of course I am under stress, how is the question asking man.' At the same time, Kareena was surprised by this and said- 'Is it really?' On this, Aamir further said, 'We have made a good film and Advaita has done a great job, but if the film also does not like the film, then the heart will break. Let us tell that some time ago Aamir Khan had reacted on Lal Singh Chaddha's Boycott. Aamir Khan had said, "I am saddened by the hashtag 'Boycott Bollywood, Boycott Aamir Khan, Boycott Lal Singh Chaddha'. Many people who are saying this from their heart, believe that I am such a person. I am one who does not like India. Some people believe so, but it is not true at all. I really love the country. If any person thinks something else then it is unfortunate. I want to assure everyone That this is not an issue, so please watch my film.'



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस 06 अगस्त को कल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 06 अगस्त शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जाएगा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एटा सदर तहसील में, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह अलीगंज तहसील में, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार जलेसर तहसील में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील एटा सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे।

WWW.KNLSLIVE.COM

## भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने किया लोकप्रिय विधायक ठाकुर रविंद्र सिंह का स्वागत



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह आज अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ अलीगढ़ के लोकप्रिय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह जी से मिले माननीय विधायक ठाकुर रविंद्र पाल सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया और एक घड़ी का स्मृति चिन्ह भेंट किया उनका पूर्ण रूप से आशीर्वाद प्राप्त किया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि माननीय विधायक जी से सभी मुद्दों पर बातचीत हुई और कुछ अपनी समस्याएं भी रखें को माननीय विधायक जी ठाकुर रविंद्र पाल सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और समस्या का तुरंत समस्या का तुरंत हल हुआ कार्यकर्ताओं का माननीय विधायक की मनोबल बढ़ाते हैं और मान और सम्मान पूरा करते हैं उनके साथ भाजपा किसान मोर्चा के विष्णुपुरी मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह सिद्धार्थ पंडित आदि मौजूद रहे

## कांग्रेसियों ने शहर में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कांग्रेसियों ने शहर में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन सरकार पर बदले की भावना से कार्रवाई करने का लगाया आरोप बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और योगी मोदी मुर्दाबाद के लगाए नारे। आज एटा कांग्रेस कार्यालय से महंगाई को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया बड़ी संख्या में पुलिस बल होते हुए भी कार्यकर्ताओं का जुनून देखने लायक था जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा सहाय लोधी ने कहा भाजपा सरकार द्वारा जांच एजेंसियों से राहुल गांधी जी सोनिया गांधी जी को बार-बार परेशान किया जा रहा है मैं इसे लोकतंत्र की हत्या समझता हूं। इस दौरान एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आदर्श मिश्रा डैनी, अरुणेश गुप्ता, महेंद्, नीलम महाराज, भोला गुप्ता, संतोष गुप्ता, जावेद अली, नौशाद अली, कयाम बरकाती, डॉ सुरेंद सविता, रामदास लोधी, रोहित राणा, ऋषि बघेल, अनुज यादव, चंदन पाराशर, जितेंद्र राजपूत, प्रियांशु पाराशर, विकास राठौड़, पीयूष पाराशर, हीरा आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म की घटना के आरोपी को 14 वर्ष कठोर कारावास एवं 1,30,000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से नाबालिग से अपहरण व दुष्कर्म की घटना के मामले में एक आरोपी को 14 वर्ष कठोर कारावास एवं 1,30,000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 04.08.2022 को अभियुक्त दीपू उर्फ कुलदीप पुत्र जय सिंह निवासी टपुआ थाना अलीगंज जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 359/14 धारा 363, 366, 376 भादवि व 4 पोक्सो एक्ट थाना जैथरा जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे० एक्सक्लूसिव पोक्सो कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त को 14 वर्ष कठोर कारावास एवं ?1,30,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है!

## सोते रहे परिजन, घर से 15 लाख के जेवर चोरी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राजा का रामपुर (एटा)। थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया जगन्नाथ में बुधवार रात एक घर में चोर घुस गए। घर में मौजूद परिजन सोते रहे। इस बीच चोर करीब 15 लाख रुपये के जेवर और 19 हजार नकदी चुरा ले गए। बृहस्पतिवार को डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम सहित थाना पुलिस ने पड़ताल की। चोरों ने गांव में कश्मीर सिंह के घर को निशाना बनाया। उन्होंने बताया कि घर में उनके अलावा उनकी पत्नी और दो पुत्रवधू रहती हैं। बुधवार रात पुत्रवधू अलग-अलग कमरों में सो रहीं थीं। जबकि रात 11 बजे वह बैठक में सोने के लिए चले आए थे। सोने से पहले घर के सभी दरवाजे अच्छी तरह से बंद किए थे लेकिन सोने के बाद अज्ञात चोर किसी तरह घर में घुस आए। दो कमरों से आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। आभूषणों की कीमत करीब 15 लाख रुपये है। सुबह के समय कमरों की कुंडी बाहर से लगी हुई मिली। थाना प्रभारी संजय राघव ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यालय के आसपास ही हो एटा जिला चिकित्सालय का निर्माण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिस प्रकार से लगातार ही जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय के लिए भूमि तलाशी जा रही है उसको देखते हुए जिला मुख्यालय के नजदीक जिला अस्पताल का निर्माण होना ज्यादा बेहतर रहेगा।

आपको बता दें हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा एटा जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर पुठिया नामक गांव के पास जिला अस्पताल निर्माण हेतु भूमि का चिन्हांकन किया गया है जो कि जिला मुख्यालय से काफी दूर पड़ता है। जिला प्रशासन के कुछ अधिकारियों का तर्क है कि वहां जिला चिकित्सालय बनने से जलेसर एवं मारहरा के लोगों के लिए आसानी हो जाएगी तो मैं बताना चाहता हूं कि अलीगंज कस्बे के लोगों के लिए यह दूरी और बढ़ जाएगी। वैसे भी जिला मुख्यालय से अलीगंज शहर की दूरी लगभग 52 किलोमीटर है, ऐसे में जिला चिकित्सालय उन्हें लगभग 70 किलोमीटर पड़ेगा। ऐसे में जितने में व्यक्ति अलीगंज से एटा जिला चिकित्सालय पहुंचेगा उतने में वह एटा से आगरा भी पहुंच जाएगा। वहीं अधिकतर जनता की भी यही मांग है कि जिला चिकित्सालय का निर्माण जिला मुख्यालय के समीप ही 5 से 7 किलोमीटर के दायरे में हो तो ज्यादा बढ़िया है। ऐसे में जिला प्रशासन से जनता अपील कर रही है कि जिला चिकित्सालय का निर्माण या तो भू माफियाओं से मुक्त की गई भूमि पर हो या फिर जीटी रोड एनएच 34 पर एटा से मलावन की तरफ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तक भूमि तलाश कर किया जाना चाहिए।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## छेड़खानी के आरोपी को छुड़ाने पहुंचीं महिलाओं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा के जलेसर में छेड़खानी के आरोपी को छुड़ाने थाने पहुंचीं महिलाओं से पुलिस की नोकझोंक हो गई। आरोप है कि नशे में धुत पुलिसकर्मियों ने उन पर लाठियां बरसाईं। इसमें नौ महिलाएं घायल हो गईं, जिनको कस्बे के एक क्लीनिक पर उपचार के लिए लाया गया। इनमें एक गर्भवती महिला भी है। सीओ को मामले की जांच सौंपी गई है। कस्बा की एक महिला ने पुलिस को छेड़खानी की शिकायत दी। जिस पर पुलिस बुधवार शाम नई बस्ती हथौड़ा मोहल्ले से एक युवक को थाने ले आई। युवक के पक्ष में परिजन और बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर थाने पहुंच गईं। आरोप है कि रात साढ़े नौ बजे के करीब थाना प्रभारी गाड़ी से आए और थाने से महिलाओं को भगाने का निर्देश दिया। जिस पर पुलिसकर्मियों ने महिलाओं पर लाठी बरसा दीं। हंगामे के बाद पुलिस ने देर रात युवक को सुपुर्दगी में छोड़ दिया। घायल महिलाओं की तरफ से सीओ जलेसर को तहरीर देकर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि एक आरोपी को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। काफी संख्या में अन्य लोग थाने पहुंच गए। जिन्हें थाने से हटाया गया, लाठी चार्ज नहीं किया गया। मामले की जांच सीओ जलेसर को दी गई है।

# बड़ी मात्रा में नशीली इंजेक्शन के साथ 1 आरोपी गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना प्रभारी भटगांव को मुखबीर से सूचना मिला कि परशुरामपुर थाना रामानुजनगर निवासी निलेश पुरी नशे के धंधे में लिप्त है और नशीली दवाई लेकर भैयाथान-पकनी होते हुए भटगांव बिक्री करने आने वाला है। सूचना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराए जाने पर उन्होंने पूर्ण सतर्कता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने ग्राम अनरोखा में घेराबंदी लगाया गया। पुलिस को देखकर मोटर सायकल चला रहा निलेश पुरी भागने लगा जिसे पीछा कर मोटर सायकल सहित पकड़ा गया। आरोपी निलेश पुरी पिता दशरथ पुरी उम्र 20 वर्ष के कब्जे से एविल एंजेक्शन 250 नग एवं ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन 250 नग कुल 500 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 2 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने टीम को उत्साहवर्धन के लिए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक रजनीश पटेल व कमलेश सिंह सक्रिय रहे।

**2 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 500 नग नशीली इंजेक्शन व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त**

# पशुओं में होने वाले एलएसडी बिमारी, जानिये कारण बचाव एवं उपचार

रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - ढेलेदार त्वचा रोग गौवंशीय में होने वाला विषाणुजनित संक्रामक रोग है। जो कि पॉक्स (माता) का वायरस है जिससे पशुओं में पॉक्स (माता) रोग होता है। वातावरण में गर्मी एवं नमी के बढ़ने के कारण देष के विभिन्न प्रदेशों में जैसे राजस्थान और गुजरात समेत 10 राज्यों में गाय भैंस में जानलेवा लंपी वायरस का संक्रमण तेज हो गया है। स्वस्थ पशुओं को यह बिमारी एलएसडी संक्रमित पशुओं के सम्पर्क में आने से व वाहक मच्छर, टिक्स (चमोकन) से होता है। एलएसडी की वजह से दुधारू पशुओं में दुध उत्पादन एवं अन्य पशुओं की कार्यक्षमता कम हो जाती है। इसके लक्षण एक या दो दिन तेज बुखार, शरीर एवं पांव में सुजन शरीर में गठान, चकते गठान का झड़कर गिरना एवं घाव का निर्माण करता है। बचाव के लिए संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखे, पशुओं एवं पशुघर में टिक्स मारक दवा का उपयोग करें एवं उपचार के लिए एलएसडी विषाणु जनित रोग है तथा टीका एवं रोग विशेष औषधी न होने के कारण पशु चिकित्सक के परामर्श से लक्षणात्मक उपचार किया जा सकता है। बुखार की स्थिति में पैरासिटामाल, सुजन एवं चर्म रोग की स्थिति में एन्टी हिस्टामिनिक एवं एन्टी इंफलामेट्री दवाईयां तथा द्वितीयक जीवाणु संक्रमण को रोकने हेतु 3-5 दिनों तक एन्टीवायोटिक दवाईयों का प्रयोग किया जा सकता है। इस रोग में पशु मृत्यु दर नगण्य है। पशुपालन विभाग द्वारा पशु पालकों से आग्रह किया जाता है कि एलएसडी से भयभीत न होकर उपरोक्त तरीकों से पशुओं का बचाव व उपचार करावें। विशेष परिस्थितियों में निकटम पशु चिकित्सक से तत्काल सम्पर्क करें।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# कृष्णकुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाने की मांग



रामचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी कृष्णाकुंज योजना के तहत जिला मुख्यालय सूरजपुर के वार्ड क्र0-04 स्थित वन भूमि पर किये जा रहे पाथ-वे निर्माण कार्य की चौड़ाई कम होने को लेकर आज नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में पार्षद बिरेन्द्र बंसल, विधायक प्रतिनिधि प्रवेष गोयल, पुष्पलता गिरधारी साहू, संजय जैन, मंजू गोयल समेत अन्य ने कलेक्टर इफ्फत आरा, संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी से मुलाकात की और उन्होंने पाथवे की चौड़ाई कम से कम 3 मीटर करने की मांग की है। गौरतलब है कि कृष्णकुंज परिसर में पाथ-वे की चौड़ाई महज 1.8 फिट प्रस्तावित है। जो उपयोगिता की दृष्टि से बहुत ही कम है। जिस उद्देष्य से पाथ-वे का निर्माण कराया जा रहा है। उन उद्देष्यों की पूर्ति के लिए कम से कम 3 से 4 मीटर चौड़े पाथ-वे का निर्माण अत्यंत आवष्यक है। कलेक्टर के नाम सौंपे गये ज्ञापन में समस्त जनप्रतिनिधियों ने कृष्णाकुंज के पाथ-वे की चौड़ाई बढ़ाए जाने की मांग की है। मिला आष्वास जिले के वन मण्डाधिकारी संजय यादव एवं संयुक्त कलेक्टर षिव बनर्जी ने नगरपालिका अध्यक्ष एवं समस्त जनप्रतिनिधियों को आष्वस्त किया की निर्माण एजेंसी से उक्त कार्य को कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की मांग उचित है।

## विद्युत स्पर्श से भैंस की मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम अंधरपुरवा करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। गांव निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा के घर के सामने बिजली का पोल लगा हुआ है। सुबह पवन की पत्नी उठी और अंदर बंधी भैंस को लाकर बिजली के खम्भे के पास गड़े खूंटे से बांध दिया। नीचे जमीन में नमी थी इससे बिजली के खम्भे के सहारे जमीन में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। पवन ने पुश चिकित्सा विभाग को सूचित किया। साथ ही इकौना थाने में तहरीर देकर बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की

# सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत विभूतिनाथ मन्दिर परिसर में बैठक सम्पन्न



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में विकास खण्ड सिरसिया के अन्तर्गत विभूतिनाथ मन्दिर पर चल रहे सावन मेला, कांवड़ यात्रा एवं आगामी कजरी तीज मेला के दृष्टिगत मन्दिर परिसर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले मेलार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सभी व्यवस्थाए चुस्त-दुरूस्त रखें, ताकि मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसर/मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ-सफाई आदि का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला में पालीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। दुकानदार पालीथीन का प्रयोग न करें, इसके लिये मेला में व्यवस्था कार्य देख रहे मन्दिर कमेटी के सदस्यगण दुकानदारों को जागरूक करके उन्हें प्रेरित करें कि जो भी सामान की बिक्री करेगें वह झोले अथवा कागज के लिफाफे में ही सामग्री देगें क्योंकि पालीथीन के प्रयोग से पर्यावरण पर तमाम प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ते हैं। उन्होने कहा कि पूर्व अनुभवों के आधार पर मेले में आने वाली श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य कैम्प, सफाई व्यवस्था, बैरकेटिंग, शौचालय/वैकल्पिक शौंचालय/मोबाइल टायलेट एवं प्रकाश की व्यवस्था पहले से ही सुव्यवस्थित कर ली जाएं, ताकि बेहतर ढंग से मेले को सम्पन्न कराया जा सके। मेला स्थल पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए तथा निजी वाहन स्टैण्डो को लगाने से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। जनपद बलरामपुर एवं भिनगा के रास्ते से आने वाले वाहनों हेतु अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाए, जिससे लोगों को जाम का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि मेले को शान्तिपूर्ण एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होने मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसर/मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होने मेलार्थियों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था तथा पानी टैंकर की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि मेले में स्वास्थ्य कैंप, कुशल चिकित्सकों एंव आवश्यक व्यवस्थाओं से सुसज्जित मोबाइल एम्बुलेंस की उपलब्धता मेला समाप्ति तक मेला परिसर में सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला के समय बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विभूतिनाथ के जलाभिषेक हेतु रजिया तालाब से जल लेकर आते हैं, श्रद्धालुओं को जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग और वन विभाग की टीम आपस में सामजंस्य बनाकर एवं स्थलीय निरीक्षण कर जहां उचित प्रतीत हो रजिया तालाब से लेकर मन्दिर तक वाच टावर की व्यवस्था कर मेला के दौरान चौबिसों घण्टे वन विभाग एवं सुरक्षा बलों की तैनाती कर सघन निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि मेला क्षेत्र में अराजक तत्वों पर कडी निगरानी के लिए व्यापक मात्रा में सी0सी0टी0वी0 कैमरे की व्यवस्था की गई है तथा इसके साथ ही मेलार्थियों के भेष में पुरूष/महिला पुलिस भी तैनात है जो मेलार्थियों के बीच में ही रह कर अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी और यदि कोई भी व्यक्ति शान्ति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो तत्काल खुफिया पुलिस उन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही करेगी। उन्होने सभी पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियो को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर मेला समाप्ति तक भ्रमण कर शान्तिपूर्ण ढंग से मेला सम्पन्न करायेगें, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न होने पावे। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र ने किया।